सार-समाचार

जश्ने अशरफ कल

कपासन, (निसं)। हज़रत मखदूम अशरफ जहाँगीर सिमनानी र.अ. की याद में गुरूवार, 16 जनवरी को जश्ने अशरफ मनाया जाएगा। बज्मे अशरफी के सैक्रेट्री एवं पूर्व पार्षद अशरफ हुसैन अंसारी के अनुसार हर साल की तरह इस साल भी किछोछा शरीफ जिला अम्बेडकर नगर उत्तर प्रदेश मे स्थित दरगाह हजरत मखदूम अशरफ जहाँगीर सिमनानी र.अ. की याद मे गुरूवार को मोमीन मोहल्ला, नहर के पास बाद नमाजे ईशा जश्ने अशरफ बडी ही शानो शोकत के साथ मनाया जाएगा। जश्ने अशरफ मे पीरे तरीकत औलादे गौसे आजम हजरत अल्लामा अलहाज डॉ. सैयद जलालुद्दीन अशरफ उर्फ कादरी मियां (चेयरमेन मखदूम अशरफ मिशन पण्डवा शरीफ जिला मालदा पश्चिम बंगाल) एवं मौलाना मुईनुद्दीन अशरफी की तकरीर होगी। शायरे इस्लाम उस्मान गनी के साथ ही मुकामी व बैरोनी ओलमाऐ किराम व शोएरा हजरात भी शिरकत फरमाएगें।

दो समुदाय के युवकों के बीच विवाद

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में शहर के फौज का बडला घाटी मोहल्ले में दो समुदाय के युवकों के बीच विवाद हो गया। पतंगबाजी के दौरान युवकों में विवाद तनाव में बदल गया। माहौल बिगड़ने पर पुलिस एक्शन में आई। क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। वही कुछ युवकों को भी डिटेन किया गया है। मकर संक्रांति को लेकर शहर के फौज का बडला के पास कुछ युवक घरों की छतों पतंगबाजी कर रहे थे। इस दौरान दूसरे समुदाय के युवकों ने छतों आकर विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते दोनों पक्ष के युवकों के बीच मामला बढ़ गया और कई युवक इकट्ठा हो गए। इससे घाटी, फौज का बडला इलाके में माहौल बिगड़ने लगा। सूचना पर कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल के साथ जाब्ता मौके पर पहुंचा। पुलिस के आते ही दोनों पक्षों के युवक भागने लगे। जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों के कुछ युवकों को डिटेन कर लिया। वही लोगो के इकट्ठे होने से मोहल्ले में पुलिस तैनात कर दी गई। एएसपी, सदर थानाधिकारी हरेंद्र सौदा भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं देर रात तक पुलिस घाटी और फौज का बडला मोहल्ले में हंगामा करने वाले बदमाशों पर दबिश की कार्रवाई की गई।

आंचल ने दर्ज किया विश्व रिकॉर्ड में नाम

उदयपुर, (कासं)। 14 जनवरी- भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित, लिम्का बुक एवं द बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, मेवाड का गौरव जादूगर आंचल ने हाल ही में अपने 27 वर्ष की जादुई यात्रा के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 23 दिसम्बर को उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम गांधी ग्राउंड में साहसिक एवं रोमांचक कार्यक्रम एडवेंचर विद फायर का प्रदर्शन किया था जिसमें 15 हजार की उदयपुर की जनता की साक्षी में उसे 150 फीट स्टील की चैन एवं 121 तालों से बांधकर एक लकडी के बक्से में बंद कर सुखे घास के कुएं में डाला गया था।

महिलाएं अब वण्डर वुमन, कार्यस्थलों पर मिले भयमुक्त वातावरण : रहाटकर

उदयपुर, (कासं)। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया के रहाटकर ने कहा कि महिलाएं अब वण्डर वुमन की भूमिका में आ रही हैं। वे न केवल घर-परिवार, चूल्हा -चौका संभाल रही, बल्कि अर्थ अर्जन में भी सक्रिय हैं। आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। कार्यस्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न को रोकने तथा महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से ही केंद्र सरकार ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 लागू किया है। अधिनियम की मूल भावना के अनुरूप महिलाओं को कार्यस्थल पर भय मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना सभी की जिम्मेदारी है।

महिलाओं से यौन उत्पीड़न अधिनियम की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक लेती राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया के रहाटकर। इस दौरान प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा, सांसद डॉ मन्नालाल रावत मौजूद रहे।

रहाटकर मंगलवार को जिला परिषद सभागार में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 की क्रियान्विति को लेकर संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक में जिले के प्रभारी एवं राजस्व विभाग मंत्री हेमन्त मीणा, उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, आईजी बांसवाड़ा एस परिमला भी बतौर अतिथि मंचासीन रहे।

प्रारंभ में संभागीय आयुक्त सुश्री केवलरमानी ने आयोग अध्यक्ष श्रीमती रहाटकर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक संजय जोशी ने प्रभारी मंत्री, सांसद सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। आयोग अध्यक्ष रहाटकर ने कहा कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम काफी महत्वपूर्ण है। यह महिलाओं को कार्यस्थल पर आत्मसम्मान और निभ्न्यता के साथ कार्य करने का अधिकार प्रदान करता है। उन्होंने अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप कार्यालयों में गठित इंटरनल कमेटी के बारे में विभागीय अधिकारियों से फीडबैक लिया।

साथ ही अधिनियम के प्रति जागरूकता को भी परखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी सरकारी, अर्द्धसरकारी, सार्वजनिक उपक्रम अथवा निजी कार्यस्थल पर 10 या इससे अधिक महिलाएं कार्यरत हैं तो वहां यौन उत्पीड़न की शिकायतों की सुनवाई के लिए इंटरनल कमेटी गठित होना आवश्यक है। वहीं 10 से कम होने पर उन कार्यालयों से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई जिला कलक्टर की अध्यक्षता वाली लोकल कमेटी करती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती रहाटकर ने महिला कार्मिकों का आ ान करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का यौन दुराचरण होने पर निभ्न्य होकर शिकायत करें।

बैठक के दौरान महिला आयोग की प्रतिनिधि ने पीपीटी के माध्यम से अधिनियम की विस्तृत जानकारी साझा की। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त छोगाराम देवासी, एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, राष्ट्रीय महिला आयोग की वरिष्ठ समन्वयक लीलावती एम. सहित उदयपुर संभाग के विभिन्न जिलों से आए अधिकारीगण, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि अिद उपस्थित रहे।

महिला आयोग अध्यक्ष ने इंटरनल कमेटी की प्रत्येक 3 माह में बैठक आयोजित करने, कार्यस्थल पर अधिनियम की जानकारी और इंटरनल कमेटी की सूचना का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए आवश्यक पोस्टर आदि लगवाए जाने, इंटरनल कमेटी अध्यक्षों की हर 6 माह में बैठक लेकर समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले भर में संचालित सभी विभागों की इंटरनल कमेटी के सदस्यों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए।

सार-समाचार

उल्लास से मनाया मकर सक्रांति पर्व

राजसमंद, (निसं। शहर व देहात में मकर सक्रांति पर्व मंगलवार को श्रद्धा, परम्परा, उमंग व उल्लास के साथ मनाया गया। गुड व तिल्ली के लड्डुओं व खींच खिलाया गया वहीं सितोलिया, मारदडी, वालीबॉल, फुटबॉल, वोलीबॉल, पंतग उडान व क्रिकेट जैसे खेल खेले गए। मंदिरों में विशेष दर्शन, पूजा अनुष्ठान का दौर चलाता रहा। इनके साथ ही मांगलिक अनुष्ठान भी प्रारंभ हो गए। पूजा व दान-पुण्य के लिए विशेष मान्यता के चलते शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सुबह जल्दी उठ गए। स्नानादि से निवृत्त होने के बाद लोगों ने ठाकुरजी, इष्ट देवी-देवताओं के दर्शन किए। प्रभु श्रीद्वारिकाधीश मंदिर, श्रीनाथजी मंदिर, प्रभु श्रीचारभुजानाथ मंदिर सहित कई देवालयों में दर्शनों के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड लगी रही। बच्चों व युवाओं में त्यौहार की खुशी व उमंग अधिक रही। बच्चों की टोलियां सुबह से ही घरों व शहर व गांव की गलियों में निकल पडी। मित्रों के घर लड्डू, तिल पपडी, खीच, पकवान आदि चटपटें व्यंजनों का स्वाद लिया। दोस्तों की टोलियां मैदानों में जा पहुंची। वहीं लोगों ने गरीब लोगों को दान पुण्य, गायों को रचका आदि खिलाया। जिला मुख्यालय पर मकर संक्रांति के मौके पर आसमान और छतों पर उल्लास का रंग नजर आया। सूर्योदय के बाद से ही पतंगबाज चरखी-पतंग लेकर छतों पर पहुंच गए और सूर्य के उदय होने तक आसमान का कैनवास पतंगों से अट गया।

हादसे में युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। चौरासी थाना क्षेत्र में गोरादा तालाब के पास बाइक बेकाबू होकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और 2 युवक घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौरासी थाने के थानाधिकारी ने बताया कि बाइक पर सवार तीन युवक गोरादा तालाब के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। इस हादसे में गोरादा गांव निवासी जीवराम पुत्र आमलिया की मौत हो गई। जबकि उनके दो साथी जितेंद्र और एक अन्य युवक गंभीर घायल हो गए। थानाधिकारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचित किया। ईएमटी ईश्वर और पायलट लोकेश यादव मौके पर पहुंचे और घायलों को पहले गैंजी सीएचसी ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में जांच के दौरान जीवराम को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य दोनों घायल युवकों का इलाज जारी है। चौरासी थाना पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

क्रेन की चपेट से महिला की मौत

उदयपुर, (कासं)। बडगांव थाना क्षैत्र में क्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सवेरे संस्कार भवन टाईगर हिल श्रीमाली समाज का नोहरा बडगांव निवासी मीना देवी (46) पत्नी ओमप्रकाश की क्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मीना अपनी पुत्री धारणा के साथ भक्तिधाम महादेव मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रही थी। जहां प्रतापगौरव केन्द्र के समीप ढलान में अनियंत्रित क्रेन ने मीना को चपेट में ले लिया। इसको देख चालक क्रेन छोड कर फरार हो गया। हादसे से मीरा गंभीर घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई।

सूबेदार की अकाल मौत

उदयपुर, (कासं)। सूरजपोल थाना क्षैत्र में सूबेदार की अकाल मौत होगई। जानकारी के अनुसार करौली हाल एकलिंगगढ छावनी निवासी सूबेदार राजाराम पुत्र गंगाराम की अचानक तबीयत खराब होने पर उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। एएसआई ओमवीरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

शिविर में 74 यूनिट रक्तदान

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर में मकर संक्रांति के अवसर पर दो रक्तदान शिविर में 166 यूनिट रक्तदान किया गया। याराना ठ्रुप द्वारा गुलाबसिंह शक्तावत राजकीय सामान्य चिकित्सालय में आयोजित शिविर में 92 लोगों ने रक्तदान किया तो वहीं सर्व समाज के युवाओं द्वारा श्रीजी प्लाजा में आयोजित किये गये शिविर में 74 लोगों ने रक्तदान किया।

ये कटी-वो कटी,कट है,के नारों से गूंजी छतें

डूंगरपुर, (निसं)। मकर संक्रांति का पर्व जिले भर में परम्परागत हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मंगलवार को मनाया गया। इस दौरान जहां दान-पुण्य पौराणिक परम्परा का निर्वहन किया गया वही युवा, बडे बुजुर्गो तथा महिलाओं ने पंतगबाजी का आनंद लेते हुए इस पर्व को मनाया। वही छतों पर सीडी प्लेयर व अन्य वाद्ययंत्रों के माध्यम से फिल्मी गीतों पर पतंगबाजी के साथ साथ नाचते गाने का आनंद लेते हुए देखे गये। वही दूसरी ओर शाम ढलने के साथ ही छतो पर चढे युवाओं ने केडिल पंतग उडाकर लुफ्त उठाया। मकर संक्रांति को लेकर काफी दिनों से युवा वर्ग में उत्साह का माहौल था और इसी के चलते मंगलवार को सूर्य की पहली किरण के साथ ही पंतगबाजी के शौकिन अपने घरों की छतों पर आ धमके और पंतगबाजी का आनंद लेते गये। छतों पर युवा वर्ग का टोला सैकडों पंतगों, उमदा किस्म की दौर व साऊंड सिस्टमों के साथ पहुंचा।

सारंगदेवोत ने कार्यकर्ताओं के साथ खेला सितोलिया

उदयपुर, (कासं)। मकर सक्रांति के अवसर पर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि के लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित पारम्परिक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने सितोलिया खेलकर किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति और पारम्परिक खेलों के महत्व को पुनर्जीवित करने का आव्हान किया।

कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने कहा, भारतीय संस्कृति और परम्पराएं हमारी अद्भुत विरासत हैं। मकर सक्रांति का पर्व हमारे जीवन में नई ऊर्जा, शांति और सकारात्मकता लाने का संदेश देता है। कार्यक्रम में अकादमिक और गैर-अकादमिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। क्रिकेट, टेबल टेनिस, रस्साकशी और सितोलिया जैसे खेल हुए। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने बताया कि विजयी प्रतिभागियों को वार्षिकोत्सव समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन में डॉ. रचना राठौड़,डॉ. बलिदान जैन, डॉ. सुनीता मूर्डिया, डॉ. अमित दवे, डॉ. हरीश मेनारिया, डॉ. हरीश चौबीसा और डॉ. रोहित कुमावत सहित कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। संचालन डॉ. हरीश चौबीसा ने किया।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने सितोलिया खेलकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

सुविविः महिला क्रिकेट टीम ने कांस्य पदक जीता

उदयपुर, (कासं)। मोहन लाल सुखाडिया विवि की मेजबानी में अंतर विवि वेस्ट जोन क्रिकेट प्रतियोगिता में मेजबान मोहन लाल सुखाडिया विवि की टीम ने कांस्य पदक जीता।

आयोजन सचिव डॉ. भीमराज पटेल ने बताया कि लीग मैचों के अनुसार प्रतियोगिता में चारों पुल के नॉकआउट व लीग मैच के आधार पर शिवाजी यूनिवर्सिटी, विद्यानगर, कोल्हापुर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। मोहन लाल सुखाडिया विवि ने कांस्य पदक, बरकतुल्ला यूनिवर्सिटी, भोपाल ने रजत पदक तथा सावित्रि बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक जीता। ये चारों टीमें ऑल इण्डिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (महिला) प्रतियोगितामें भाग लेने के लिए जायेगी जो कि जेप्पियार यूनिवर्सिटी, चैन्नई में आयोजित की जायेगी। आयोजन अध्यक्ष डॉ. वी. सी. गर्ग ने बताया समापन समारोह एम.बी. खेल परिसर मे आयोजित किया गया। इस दौरान उदयपुर सांसद डॉ. मन्ना लाल रावत,प्रो. सुनीता मिश्रा, कुलपति, सुखाड़िया विवि एवं विशिष्ट अतिथि जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल, उदयपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन मनोज भटनागर थे।

देहव्यापार के मामले में पांच युवतियां सहित 10 गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के सुखेर थाना पुलिस ने होटलों पर दबीश देकर देह व्यापार में लिप्त पांच युवक व पांच युवतियों को गिरफ्तार किया।

शहर व आस पास के क्षैत्रों में स्थित होटलों व अन्य स्थानों पर अनैतिक देह व्यापार एवं अवैध गतिविधियों संचालीन होने की सूचना मिली थी।सुखेर थानाधिकारी हिमांश ुसिंह राजावत के नेतृत्व में गठित दल ने अम्बेरी के पुरोहितों के तालाब स्थित अम्बेरी होटल एण्ड विला पर दबीश देकर वहां अनैतिक देह व्यापार करने में लिप्त रेवतसिंह हैप्पी उर्फ हर्ष लैन जैन निवासी गवरी चौक भुवाणा, मो. अशफाक हुसैन मलिक निवासी नावाजी गली मोडासा साबरकांठा गुजरात, अब्दुल रहमान महेन्द्र शर्मा टुनटुन खातुन, चन्दना देवनाथ, मौसमी विश्वास पत्नी सुमंगल विश्वास निवासी रघुनाथनगर डाबरी पालम दिल्ली, वरसा सरदार पुत्र पिप्पोन सरदार निवासी बगुला कोलेज पाडा बगुला नोदिया पश्चिम बंगाल, सास्ती सेगरू पुत्री अप्पन्ना सुगरू निवासी सालीमार रोड हावडा पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार किया।

सर्वे कार्य शुरू

भीम, (निसं)। पंचायत समिति भीम के विकास अधिकारी कृष्ण मुरारी छालिया ने प्रेस वार्ता कर बताया कि केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत् जिनके पास स्वयं का पक्का मकान नहीं है उनको पक्का मकान निर्माण करवाये जाने हेतु सरकार द्वारा आवास प्लस एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वे कार्य आरंभ किया जा चुका हैं। जिसके तहत् सात दिवस तक आवेदन ऑन लाईन किये जा सकेंगे। पंचायत समिति भीम क्षेत्र में अधिकाधिक लाभ लेने हेतु समस्त जनप्रतिनिधियों से अपील की जाती है।

डूंगरिया में सीएमएचओ ने किया आरोग्य शिविर का निरीक्षण

बांसवाड़ा, (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार ने घाटोल के डूंगरिया में आयोजित मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का निरीक्षण करते हुए अधिकाधिक आम योजना की ईकेवाइसी और 70 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजनों को बीमा योजना में पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि डूंगरिया में सिकल सेल एनिमिया की जांच के बाद प्राप्त सभी कार्ड संबंधित व्यक्ति तक पहुंचा दिए है वहीं आभा आईडी और मां योजना के कार्ड का वितरण भी प्रतिदिन आशाएं कर रही है। इस दौरान शिविर में जांच करवाने आए जनप्रतिनिधियों को आरोग्य शिविर संबंधित निर्देशिका भेंट की गयी जिसमें सरकार द्वारा स्वास्थ्य के लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं का समावेश किया गया है। इस अवसर पर जिला शिशु एवं प्रजनन अधिकारी डॉ दिनेश कुमार भाबोर भी मौजूद रहे।

सीएमएचओ डॉ. ताबियार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर खमेरा में भी निरीक्षण किया। यहां पर चिकित्सा प्रभारी अवकाश पर थे लेकिन कॉलम खाली छोडा हुआ था इस पर सीएमएचओ स्वयं ने सीएल लगाई और अगली बार किसी भी स्टाफ द्वारा अवकाश लेने पर कॉलम में दर्ज करने की हिदायत कार्यवाहक प्रभारी को दी। उन्होंने लेब की जांच के दौरान पाया गया कि कुछ किट एक्सपायरी के नजदीक थे। इस पर डॉ ताबियार ने जांच किट अन्य अस्पतालों में भी भेजने के निर्देश दिए ताकि समय पर कंज्यूम हो सके। वहीं कुछ एक्सपायरी किट के बॉक्स साइड में रखे पाए गये जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समय पर यदि कोई दवा हो या किट कंज्यूम नहीं हो पा रहा है तो जहां जरूरत हो वहां पर भेजे ताकि वेस्ट न जाए। इस पर उन्होंने चिकित्सा प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए है। क्योंकि मौजूद एलटी ने बताया कि उन्होंने चिकित्सा प्रभारी को अवगत करा दिया था। यहां पर प्रसव कक्ष और प्रसूताओं से बातचीत की। प्रसूताओं ने कहा कि यहां पर किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया गया है। सभी प्रकार की दवाएं भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गई है। इसी प्रकार शहर में अहमदाबाद सोनोग्राफी केंद्र की ऑनलाइन शिकायत पर जांच की। जिसमें केंद्र के पास सभी प्रकार के दस्तावेज पाए गए। केंद्र का संचालन पहले अन्य बिल्डिंग में हो रहा था। केंद्र संचालक द्वारा लिखित अनुमति लेकर केंद्र संचालन भवन में बदलाव करना पाया गया।

डूंगरिया में सीएमएचओ ने आरोग्य शिविर का निरीक्षण किया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय: एसएसआई सुखेर, एनएच-8, उदयपुर, राजस्थान 313 001, फोन नं.: 0294-2513197/2440510, मोबाईल: 8875006670 ई-मेल: indsuk@bankofbaroda.com

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जैसी है जहां है'', ''जो है जैसी है'' और ''जितनी भी उपलब्ध है'' के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

क्रं./लोट नं.	ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते	ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो	कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार	ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (ईएमडी) / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (प्रलक्षित/वास्तविक)	संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय
1.	मैसर्स लाल बाग होटल्स एण्ड रेस्टोरेन्ट्स 65, लाल निवास, दौलत चेम्बर्स के पास, सरदारपुरा, उदयपुर, राजस्थान पार्टनर्स- श्रीमती भूपिन्दर सहगल पत्नी श्री सुरिन्दर कुमार सहगल 130-133, प्रियदर्शिनी नगर, बेदला, उदयपुर, राजस्थान श्री अंकित व्यास पुत्र श्री एम. डी. व्यास एल-301, लव कुश अपार्टमेन्ट, फतेहपुरा, उदयपुर, राजस्थान श्री देवदीप सिंह शक्तावत पुत्र श्री धनपाल शक्तावत 7-ए-ब्लॉक, आर.एच.बी. कॉलोनी, सेक्टर 9, उदयपुर, राजस्थान जमानतदार- श्री सुरिन्दर कुमार सहगल पुत्र श्री ज्ञान चंद सहगल 130-133, प्रियदर्शिनी नगर, बेदला, उदयपुर, राजस्थान	श्री सुरिन्दर कुमार सहगल पुत्र श्री ज्ञान चंद सहगल के नाम साम्यिक बंधक व्यावसायिक कार्यालय संख्या 303, प्रथम तल, मिड टाउन बिजनेस सेन्टर, न्यू उदियापोल स्कीम, बस स्टैण्ड के पीछे, गन्दे नाले के पास, उदयपुर राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 165 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: कार्यालय संख्या 304, दक्षिण: कार्यालय संख्या 302, पूर्व: खुली गैलेरी, पश्चिम: प्लॉट नं. 1-ए अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं	रूपये 19,25,219.82 दिनांक 13.02.2023 को बकाया (दिनांक 12.02.2023 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि।	20.02.2025 दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक	आरक्षित मूल्य- रूपये 7,60,000/- धरोहर राशि- रूपये 76,000/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/-	वास्तविक	17.02.2025 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.- 0294-2513197/2440510, मोबाईल नं. 8875006670 पर संपर्क कर सकते है।
दिनांक: 14.01.2025
स्थान: उदयपुर
हस्ता.
(सिद्धार्थ पृथ्वीराज सेन)
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय: एसएसआई सुखेर, एनएच-8, उदयपुर, राजस्थान 313 001, फोन नं.: 0294-2513197/2440510, मोबाईल: 8875006670 ई-मेल: indsuk@bankofbaroda.com

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जैसी है जहां है'', ''जो है जैसी है'' और ''जितनी भी उपलब्ध है'' के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

क्रं./लोट नं.	ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते	ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो	कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार	ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (ईएमडी) / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (प्रलक्षित/वास्तविक)	संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय
1.	श्री प्रभु लाल गुर्जर पुत्र श्री नाथू लाल गुर्जर मकान नं. 4, अरिहन्त ग्रीन्स कॉलोनी, टेक्नोय मोटर्स वर्कशॉप के पास, देवाली गोवर्धन विलास, उदयपुर, राजस्थान एवं 9, नाथद्वारा, वार्ड नं. 21, गायरियों कि मंगरी, तहसील नाथद्वारा, जिला राजसमन्द, राजस्थान एवं खारवा की कुई, बलीचा बाईपास, मुख्य रोड़, उदयपुर, राजस्थान 313001 एवं ऑफीस नं. 2, प्रथम तल, कनोट प्लेस, शोभागपुरा सर्कल, रॉयल राजविलास के पास, शोभागपुरा, उदयपुर, राजस्थान जमानतदार- श्री कमलेश चौधरी पुत्र श्री भगवती लाल चौधरी 189, सूर्या नगर, आकाशवाणी कॉलोनी, मादड़ी पुरोहितान, उदयपुर, राजस्थान	श्री प्रभु लाल गुर्जर पुत्र श्री नाथू लाल गुर्जर के नाम साम्यिक बंधक सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 35, खसरा नं. 6508/2253, अक्षांश विला, मौजा ग्राम धूणीमाता पटवार नाहरमगरा, डबोक, तहसील मावली, जिला उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1250.00 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्व: प्लॉट नं. 38, पश्चिम: 30 फीट रोड़, उत्तर: प्लॉट नं. 34, दक्षिण: प्लॉट नं. 36 अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं	रूपये 9,70,574.49 दिनांक 31.01.2024 को बकाया (दिनांक 31.01.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि।	20.02.2025 दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक	आरक्षित मूल्य- रूपये 11,50,000/- धरोहर राशि- रूपये 1,15,000/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/-	प्रलक्षित	15.02.2025 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.- 0294-2513197/2440510, मोबाईल नं. 8875006670 पर संपर्क कर सकते है।
दिनांक: 14.01.2025
स्थान: उदयपुर
हस्ता.
(सिद्धार्थ पृथ्वीराज सेन)
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय: एसएसआई सुखेर, एनएच-8, उदयपुर, राजस्थान 313 001, फोन नं.: 0294-2513197/2440510, मोबाईल: 8875006670 ई-मेल: indsuk@bankofbaroda.com

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8(6) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्र